भारत ने मलेशिया को 11-1 से रौंदा, लगातार दूसरी जीत

08 को जापान से भिड़ेगी भारतीय महिला टीम

07 खिलाड़ियों ने किए गोल

नवभारत न्यूज नेटवर्क

मोकी (चीन), 6 सितंबर. एशियन जूनियर हॉकी टूर्नामेंट में मौजूदा चैंपियन भारतीय महिला टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन का सिलसिला जारी रखते हुए रविवार को मलेशिया को एकतरफा मुकाबले में 11-1 से करारी शिकस्त दी.

दक्षिण कोरिया के खिलाफ 4-1 की जीत से अभियान की शुरुआत करने वाली भारतीय टीम ने दूसरे ग्रुप मुकाबले में और अधिक आत्मविश्वास, बेहतर तालमेल और आक्रामक अंदाज के साथ खेलते हुए लगातार दूसरी जीत दर्ज की.इस जीत के साथ भारत के दो मैचों में छह अंक हो गए हैं और वह एलीट पूल की अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर बना हुआ है.भारत ने मुकाबले की शुरुआत से ही मलेशिया पर दबाव बना दिया.टीम को गोल के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ा और पहले ही मिनट में पूजा साहू ने पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदलकर भारत का खाता खोल दिया.शुरुआती बढ़त ने भारतीय खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ाया और चौथे मिनट में पूर्णिमा यादव ने गोल कर स्कोर 2-0 कर दिया.इसके बाद भारत ने लगातार हमले जारी रखे.आठवें मिनट में बिनीमा धन ने शॉर्ट कॉर्नर को गोल में बदलते हुए बढ़त 3-0 कर दी, जबकि 14वें मिनट में कृष्णा शर्मा ने गोल दागकर स्कोर 4-0 पहुंचा दिया.दूसरे क्वार्टर में भी भारतीय टीम का दबदबा कायम रहा.17वें मिनट में पूर्णिमा यादव ने पेनल्टी कॉर्नर पर अपना दूसरा गोल किया.इसके बाद सुखवीर कौर ने 21वें मिनट में और गीता यादव ने 28वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के जरिए गोल दागे.

गीता ने अपना दूसरा गोल कर दिलाई बढ़त

इस तरह भारतीय टीम ने पहले हाफ के समाप्त होने तक मलेशिया के खिलाफ 7-0 की मजबूत बढ़त बना ली. तीसरे क्वार्टर में मलेशिया ने वापसी की कुछ कोशिश की और 38वें मिनट में नूर मोहम्मद ने टीम के लिए एकमात्र गोल किया. हालांकि, इस गोल का भारतीय टीम के आक्रामक खेल पर कोई असर नहीं पड़ा.चार मिनट बाद पूजा साहू ने एक और पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदलकर भारत की बढ़त 8-1 कर दी.इसके बाद 43वें मिनट में सानिका चंद्रकांत माने ने गोल दागते हुए स्कोर 9-1 कर दिया. अंतिम क्वार्टर में भी भारत ने अपनी रफ्तार कम नहीं की. 53वें मिनट में गीता यादव ने पेनल्टी कॉर्नर पर अपना दूसरा गोल करते हुए भारत को 10-1 की बढ़त दिलाई.

सात्विकसाईराज-चिराग का चीन में खिताबी धमाका

दूसरा सुपर 750 खिताब, सिंगापुर के बाद चाइना मास्टर्स पर कब्जा

नवभारत न्यूज नेटवर्क

शेनझेन, 6 सितंबर. भारत की स्टार पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने शानदार वापसी और जबरदस्त आत्मविश्वास का प्रदर्शन करते हुए रविवार को चाइना मास्टर्स सुपर 750 का खिताब अपने नाम कर लिया.

फाइनल में भारतीय जोड़ी ने चीन के हे जी टिंग और रेन जियांग यू को 11-21, 21-13, 21-17 से शिकस्त देकर खिताब पर कब्जा जमाया.करीब 70 मिनट तक चले मुकाबले में सात्विक और चिराग ने पहला गेम गंवाने के बाद रणनीति बदली और अगले दोनों गेम में दमदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया.

यह जीत भारतीय जोड़ी के लिए खास इसलिए भी रही क्योंकि चाइना मास्टर्स के पिछले दो संस्करणों में उसे उपविजेता बनकर संतोष करना पड़ा था.सात्विक-चिराग 2023 और 2025 में इस टूर्नामेंट के फाइनल तक पहुंचे थे, लेकिन खिताब हासिल नहीं कर सके थे.इस बार उन्होंने पिछली निराशाओं को पीछे छोड़ते हुए निर्णायक मुकाबले में धैर्य और आक्रामकता का बेहतरीन मिश्रण पेश किया.

फाइनल की शुरुआत भारतीय जोड़ी के लिए अच्छी नहीं रही.सात्विक और चिराग शुरुआती दौर में ही 0-5 से पिछड़ गए और पहले गेम में अपनी लय हासिल नहीं कर सके.

> चीनी जोड़ी ने कोर्ट के बीच से लगातार आक्रमण किया और भारतीय खिलाड़ियों को दबाव में रखा.हे और रेन ने बेहतर नियंत्रण के साथ खेलते हुए पहला गेम 21-11 से अपने नाम कर लिया.दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने मुकाबले का रुख पूरी तरह बदल दिया.चिराग ने नेट पर तेजी से शटल को इंटरसेप्ट करना शुरू किया और चीनी खिलाड़ियों को अपनी गति से खेलने का मौका नहीं दिया.भारतीय जोड़ी ने विरोधियों को कोर्ट के एक हिस्से से दूसरे हिस्से में दौड़ाया और लगातार दबाव बनाया.

यूएस ओपन : युकी और अनिरुद्ध का सफर पहले ही राउंड में खत्म

नवभारत न्यूज नेटवर्क

न्यूयॉर्क, 6 सितंबर भारत के युकी भांबरी और अनिरुद्ध चंद्रशेखर का यूएस ओपन 2026 टेनिस पुरुष युगल का सफर पहले ही राउंड में खत्म हो गया.शनिवार को खेले गये मुकाबले में दुनिया के नंबर 32 खिलाड़ी भांबरी और उनके साथी को न्यूजीलैंड के माइकल वीनस, अमेरिकी जोड़ी रयान सेगरमैन और पैट्रिक ट्राहाक से 7(7)-6(4), 7(7)-6(3) से हार का सामना करना पड़ा.यह मैच एक घंटे 43 मिनट तक चला. भांबरी और वीनस पिछले साल फ्लशिंग मीडोज में एक साथ सेमीफाइनल तक पहुंचे थे. शुरुआती सेट में किसी भी जोड़ी ने अपनी सर्विस नहीं गंवाई, जिसे सेगरमैन और ट्राहाक ने टाई-ब्रेक 7-4 से जीतकर अपने नाम किया. भांबरी और वीनस ने दूसरे सेट में पहली सफलता हासिल की.

एक नजर में

हर साल खेला जाए बीपीएल : अमीनुल हक

ढाका. बंगलादेश के खेल राज्य मंत्री अमीनुल हक ने रविवार को कहा कि बंगलादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) हर साल होनी चाहिए और वे इसके भविष्य पर चर्चा करने के लिए बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के साथ बैठक करेंगे। बीपीएल देश का एकमात्र फ्रेंचाइजी-आधारित टी-20 टूर्नामेंट है। बीसीबी अध्यक्ष तमीम इकबाल ने पहले घोषणा की थी कि वे बीपीएल तब तक शुरू करने के लिए तैयार नहीं हैं जब तक कि वे उन मुद्दों को हल नहीं कर लेते जिन्होंने टूर्नामेंट की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए थे। हालांकि बीपीएल फ्रेंचाइजी ने बोर्ड के इस कदम का स्वागत किया, लेकिन क्रिकेटरों को यह पसंद नहीं आया, क्योंकि वे अपने भविष्य को लेकर असुरक्षित महसूस कर रहे थे.

टीकेआर की सीपीएल 2026 की उम्मीदें जिंदा

केंसिंग्टन. निकोलस पूरन (59) रनों की अर्धशतकीय पारी के बाद सुनील नारायण (चार विकेट) के बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत त्रिनबागो नाइट राइडर्स (टीकेआर) ने कम स्कोर वाले मैच में बारबाडोस ट्राइडेंट्स को 35 रन से हराकर क्वालिफिकेशन की अपनी उम्मीदें जिंदा रखीं.निकोलस पूरन के 59 रनों की बदौलत टीकेआर ने छह विकेट पर 147 रन का स्कोर बनाया.इसके बाद स्पिनर सुनील नारायण और जेड गूली ने शानदार गेंदबाजी की और मिलकर सात विकेट लिए, जिससे ट्राइडेंट्स की टीम 112 रनों पर ही सिमट गई.ट्राइडेंट्स के पहले बल्लेबाजी के फैसले के बाद, नारायण के जल्दी (दो) रन पर आउट होने के बाद कॉलिन मुनरो ने टीकेआर की पारी को संभाला.मुनरो ने 32 गेंदों में 38 रन बनाए.

अर्लीन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

नवभारत न्यूज नेटवर्क

लंदन, 6 सितंबर आयरलैंड की महिला ऑलराउंडर अर्लीन केली ने इंग्लैंड की महिला टीम के खिलाफ वॉर्सेस्टर में खेले जा रहे तीसरे वनडे मैच के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है.

32 वर्षीय केली ने जून 2022 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था और आयरलैंड के लिए सभी फॉर्मेट में 110 मैच खेले, जिससे वह टीम की सबसे भरोसेमंद खिलाड़ियों में से एक बन गई. अपनी सटीकता और भरोसेमंद खेल के लिए मशहूर मीडियम-पेस स्विंग बॉलर केली ने आयरलैंड के लिए 135 विकेट के साथ अपना करियर खत्म किया.वह आयरलैंड की महिला टीम के लिए सबसे ज़्यादा विकेट लेने वालों की लिस्ट में इसोबेल जॉयस और लॉरा डेलानी के बाद तीसरे स्थान पर हैं.उनका सबसे अच्छा अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन 2023 में नीदरलैंड के खिलाफ टी-20 मैच में रहा, जब उन्होंने 12 रन देकर 5 विकेट लिए थे.वह साल केली के लिए बहुत शानदार रहा था. उन्हें 'क्रिकेट आयरलैंड विमेंस इंटरनेशनल प्लेयर ऑफ़ द ईयर' चुना गया और उन्होंने अगस्त 2023 के लिए आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ़ द मंथ' का अवॉर्ड भी जीता.उन्होंने कहा,' पिछले साढ़े चार सालों में आयरलैंड का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए बहुत बड़े सम्मान की बात रही है और मैं खुशकिस्मत रही हूं कि मुझे मैदान के अंदर और बाहर इतनी शानदार यादें बनाने का मौका मिला.हालाँकि, अब संन्यास लेने और अपने परिवार व दोस्तों के पास न्यूज़ीलैंड लौटने का सही समय आ गया है.'

> केली ने बल्ले से भी योगदान दिया और व्हाइट-बॉल क्रिकेट में 601 रन बनाए.साथ ही, 2025 में उन्हें कप्तानी की ज़िम्मेदारी भी सौंपी गई, जब उन्होंने गैबी लुईस और ओर्ला प्रेंडरगास्ट की गैर-मौजूदगी में आयरलैंड की टीम की अगुवाई की. अपने फैसले पर बात करते हुए केली ने कहा कि आयरलैंड का प्रतिनिधित्व करना उनके लिए 'बहुत बड़े सम्मान' की बात थी और उन्होंने अपनी टीम की साथियों, कोचों और क्रिकेट आयरलैंड को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया.

टीना क्लेटन ने जीता 100 मीटर दौड़ का खिताब

ब्रसेल्स. डायमंड लीग फाइनल 2026 के दूसरे दिन, जमैका की धाविका टीना क्लेटन, एमी हंट और शा'कैरी रिचर्डसन ने महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रमश: स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीते. शनिवार रात हुए इस मुकाबले में 22 साल की क्लेटन ने शानदार शुरुआत की और दबदबा बनाते हुए 10.93 सेकंड समय के साथ अपना पहला डायमंड लीग खिताब जीता. यूरोपियन चैंपियन हंट 11.06 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि पेरिस 2024 ओलंपिक में 100 मीटर में सिल्वर मेडल जीतने वाली रिचर्डसन 11.07 सेकंड के साथ तीसरे स्थान हासिल किया.

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
(CIN-L65110TN2014PLC097792)
रजिस्टर्ड ऑफिस : के आरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
फोन : +914445644000, फैक्स: +914445644022

सार्वजनिक सूचना
स्वर्ण नीलामी सह निमंत्रण सूचना

नीचे उल्लिखित उधारकताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त उधारकताओं ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (बैंक) से सोने के आभूषण गिरवी रखकर ऋण लिया था और बार-बार याद दिलाने और नोटिस भेजने के बावजूद, वे निर्धारित समय के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं। तदनुसार, बैंक अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए, बकाया राशि की वसूली के लिए 13 अक्टूबर 2026 से 15 अक्टूबर 2026 तक गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी आयोजित करेगा। उधारकताओं को सूचित किया जाता है कि निरीक्षण/बोली की तिथि से पहले लागू ब्याज, शुल्क और खर्चों सहित पूरी बकाया राशि का भुगतान करने का यह अंतिम अवसर है, अन्यथा नियामक द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों के अनुसार गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों को नीलामी के माध्यम से बेच दिया जाएगा।

ऋण खाता संख्या	ऋण लेने वाले का नाम	शाखा का नाम
178271512	शिवम सिंह तोमर	देहरिया सराय ग्रामीण

नीलामी की स्थिति में यदि कोई अधिशेष राशि प्राप्त होती है, तो वह संबंधित उधारकर्ता को वापस कर दी जाएगी। नीलामी के बाद यदि कोई घाटा/कमी रह जाती है, तो शेष राशि उचित कानूनी कार्यवाही के माध्यम से उधारकर्ता से वसूल की जाएगी। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी खाते को नीलामी से हटाने का अधिकार रखता है। इसके अलावा, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के, अपने विवेकानुसार नीलामी कार्यक्रम में संशोधन करने या उसे आगे की तिथि तक स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। नीलामी का आयोजन आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के सूचीबद्ध नीलामी सेवा प्रदाताओं, मेसर्स श्रीराम ऑटो मॉल इंडिया लिमिटेड द्वारा सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक भौतिक रूप से किया जाएगा। यदि ग्राहक की मृत्यु हो जाती है, तो नीलामी से संबंधित सभी शर्तें उनके नामित व्यक्ति/कानूनी उत्तराधिकारी पर लागू होंगी।

नीलामी की शर्तें एवं नियम :

1) संबंधित सोने के आभूषणों की बिक्री "जैसा है, जहाँ है", "जैसा है, जो है" और "जो भी उपलब्ध है" के आधार पर होगी।
2) इच्छुक बोलीदाताओं को बैंक के अधिकृत नीलामी सेवा प्रदाता के साथ पंजीकरण करना होगा और केवाईसी संबंधी आवश्यकताओं का पालन करना होगा।
3) बोली जमा करने से पहले आभूषणों और उनकी विशिष्टताओं का निरीक्षण करना और उनसे संतुष्ट होना बोलीदाताओं की जिम्मेदारी होगी। बोलीदाता शाखा प्रबंधक से परामर्श करके आभूषणों का निरीक्षण कर सकते हैं।
4) उच्चतम बोली बैंक के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा पुष्टि के अधीन होगी।
5) सफल बोलीदाता को निर्धारित समय के भीतर पूरी बिक्री राशि जमा करनी होगी, अन्यथा जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
6) एक बार बेचे गए सोने के पाउच किसी भी परिस्थिति में विक्रेता को वापस नहीं किए जा सकते हैं और विजेता बोलीदाता/खरीददार द्वारा भौतिक रूप से सौंपे जाने के बाद विक्रेता किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।
7) बैंक के अधिकृत प्रतिनिधि को बिना किसी पूर्व सूचना या कारण बताए किसी भी बोली को स्वीकार/अस्वीकार करने या नीलामी को रद्द/स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है।
8) बिक्री बैंक द्वारा पुष्टि के अधीन है।

एसडी/-
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी

दिनांक: 07.09.2026
स्थान: मध्यप्रदेश

IIFL FINANCE

आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड | CIN: L67100MH1995PLC093797
पंजीकृत कार्यालय: आईआईएफएल हाउस, सन इन्फोटेक पार्क, रोड नंबर 16वी,
प्लॉट नंबर बी-23, ठाणे इंडस्ट्रियल एरिया, वागले एस्टेट, ठाणे - 400604
फ़ोन: 022-41035000 • फ़ैक्स: 022-25806654 • टोल-फ़्री: 1860-267-3000
ई-मेल: gold-helpline@iifl.com • वेबसाइट: www.iifl.com

सार्वजनिक सूचना - गिरवी रखे गए सोने की नीलामी

संबंधित उधारकर्ताओं/कानूनी उत्तराधिकारियों और आम जनता को सूचित किया जाता है कि आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड ("आईआईएफएल") - जो भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ पंजीकृत एक नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी है - यहाँ बताए गए लोन अकाउंट्स में गिरवी रखे गए सोने की सार्वजनिक नीलामी करेगी, जहाँ उधारकर्ता ने भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के समय-समय पर जारी निर्देशों ("RBI निर्देश"), लोन एग्रीमेंट की शर्तों और आईआईएफएल के बोर्ड से मंज़ूर गोल्ड लोन पॉलिसी के अनुसार, संचार के उपलब्ध माध्यमों से नीलामी का नोटिस और रिमाइंडर मिलने के बावजूद अपने लोन अकाउंट का भुगतान नहीं किया है या उसे नियमित नहीं किया है।

नीलामी की तारीख, समय और जगह: सार्वजनिक नीलामी 15.09.2026 को सुबह 10:00 बजे से आईआईएफएल की इस ब्रांच में होगी: **रतलाम-माहिर प्लाज़ा जी.एल., माहिर प्लाज़ा, 81, लोकेन्द्र टॉकीज़ के सामने, रतलाम (मध्य प्रदेश)-457001।**

यह नीलामी उसी ज़िले में मौजूद लोन देने वाली शाखाओं के लोन अकाउंट से जुड़ी है।

गोल्ड लोन अकाउंट का विवरण: लोन अकाउंट नंबर- GL35840545, GL44214480, GL46103188, GL40964319, GL42900372, GL41015308, GL47907769, GL49032990, GL48579894, GL34644794, GL35231729, GL35580918, GL35598446.

डिफ़ॉल्ट करने वाले उधारकर्ता (उधारकर्ताओं) के नाम, गिरवी रखे गए सोने की जानकारी और संबंधित शाखा का पता संबंधित शाखा और ऊपर बताए गए नीलामी केंद्र पर देखा जा सकता है। साथ ही, यह जानकारी आईआईएफएल कस्टमर केयर 1860-267-3000 या www.iifl.com से भी प्राप्त की जा सकती है।

नीलामी से पहले भुगतान का अधिकार: उधारकर्ता/उनके कानूनी वारिस ऋण समझौते और मुख्य तथ्य के विवरण (KFS) में उल्लिखित ब्याज और लागू शुल्क सहित संपूर्ण बकाया राशि का भुगतान कर सकते हैं और नीलामी की तारीख तक किसी भी समय लोन एकाउंट बंद या नियमित कर सकते हैं, जिसके बाद खाते को नीलामी से हटा लिया जाएगा।

इस प्रकाशन की तारीख या उसके बाद बंद किए गए या नियमित किए गए खातों से आनुपातिक प्रकाशन शुल्क वसूल किया जाएगा।

मृत उधारकर्ता: यदि कोई उधारकर्ता मृत है, तो यह सूचना और नीलामी की शर्तें उधारकर्ता के कानूनी वारिसों पर लागू होंगी।

आरक्षित मूल्य: नीलामी, RBI के निर्देशों के अनुसार तय किए गए गिरवी रखे सोने की मौजूदा कीमत के कम से कम 90% (उन लोन अकाउंट के लिए 85% जिनकी नीलामी दो बार फेल हो चुकी है) के आरक्षित मूल्य पर होगी।

बिक्री का आधार: नीलामी "जैसी है, जहाँ है", "जैसी है, वैसी है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर की जाएगी। बोली लगाने के इच्छुक लोगों को सलाह दी जाती है कि वे बोली लगाने से पहले दिखाए गए गिरवी रखे सोने की जानकारी देख लें और खुद संतुष्ट हो लें।

स्थगन / वापसी: आईआईएफएल दर्ज किए जाने वाले कारणों से नीलामी को स्थगित कर सकता है या किसी भी लोन अकाउंट को उससे वापस ले सकता है, जिसमें खाते का पुनर्भुगतान या नियमितीकरण, किसी अदालत या प्राधिकरण के आदेश, या परिचालन संबंधी आवश्यकताएं शामिल हैं।

अगर यहाँ बताई गई तारीख पर नीलामी नहीं हो पाती या पूरी नहीं हो पाती है, तो आईआईएफएल अपनी मर्ज़ी से और उचित सूचना देकर, बाद की किसी तारीख पर उसी ज़िले या आस-पास के ज़िले में नीलामी कर सकता है या उसे जारी रख सकता है, या फिर ऑनलाइन नीलामी भी कर सकता है।

हितों का कोई टकराव नहीं: RBI के निर्देशों का पालन करते हुए, आईआईएफएल और उससे जुड़े पक्षकार नीलामी में भाग नहीं लेंगे।

नीलामी से मिली रकम: नीलामी में मिली राशि और समायोजित की गई बकाया राशि की पूरी जानकारी उधारकर्ता (उधारकर्ताओं) / कानूनी उत्तराधिकारी (उत्तराधिकारियों) को दी जाएगी। अगर कोई अतिरिक्त रकम बच जाती है, तो नीलामी से मिली पूरी रकम मिलने के सात कामकाजी दिनों के भीतर उसे वापस कर दिया जाएगा (यह उधारकर्ता की बैंकिंग जानकारी उपलब्ध होने पर निर्भर करेगा); इसलिए उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि वे संबंधित लोन देने वाली शाखा में अपने बैंक अकाउंट की नवीनतम जानकारी अपडेट कर लें। अगर यह राशि कम है, तो उसे ऋण समझौते के अनुसार वसूला जाएगा।

विस्तृत जानकारी और नियमों व शर्तों के लिए, कृपया आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड की संबंधित लोन देने वाली शाखा (पता अकाउंट लिस्ट के साथ दिखाया गया है) या आईआईएफएल कस्टमर केयर से 1860-267-3000 पर संपर्क करें।

हस्ताक्षर/-
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड

तारीख: 07.09.2026
स्थान: रतलाम

TATA

टाटा कैपिटल हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : 11 वीं मंजिल, टॉवर ए, पेनीनसुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग लोवर परेल, मुम्बई-400013.
शाखा कार्यालय : टाटा कैपिटल हाउसिंग फाईनेंस, तीसरी मंजिल, यूनिट 301, एनआरके टेक पार्क, प्लॉट नंबर 94, रिंग रोड, रेडिसन स्क्वायर के पास, इंदौर, मध्य प्रदेश 452010

अचल संपत्ति की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

(सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के तहत)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु 15 दिवसीय ई-नीलामी सूचना

एतद्द्वारा सर्व सामान्य और विशेषकर अधोलिखित कर्जदार और/सह-कर्जदार या उनके कानूनी उत्तराधिकारियों/प्रतिनिधियों (कर्जदारों) को सूचित किया जाता है कि टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लि. (टीसीएचएफएल), को बंधक अधोल्लिखित अचल संपत्ति जिसका टीसीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा लिया गया, अधोलिखित कर्जदार और सह-कर्जदार से कुल बकाया राशि की वसूली के लिए **'जो है जहाँ है' और 'जहाँ है, जैसा भी है' और 'जो भी हैं'** आधार पर दिनांक **23-09-2026** को बिक्री की जायेंगी। आरक्षित मूल्य और धरोहर राशि जमा निम्न वर्णित हैं। एतद्वारा सूचित किया जाता है कि बिक्री के किसी स्थगन / बाधा के अभाव में उक्त संपत्ति ई-नीलामी के माध्यम से दिनांक **23-09-2026** को दोपहर **2:00** बजे बिक्री की जायेगी। संपत्ति खरीद के लिए मुहरबंद ई-नीलामी हेतु ईएमडी राशि का डिमांड डाफ्ट टीसीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा दिनांक **22-09-2026** को समय सायं **5.00** बजे तक शाखा कार्यालय : **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड,** तीसरी मंजिल, यूनिट 301, एनआरके टेक पार्क, प्लॉट नंबर 94, रिंग रोड, रेडिसन स्क्वायर के पास, इंदौर, मध्य प्रदेश 452010 पर जमा किया जाना चाहिए। प्रत्याभूत संपत्ति/अचल संपत्ति की बिक्री 'जैसी है जहाँ है शर्त' निम्न अनुसूची में उल्लिखित संक्षेप विवरणों के अनुसार होगी।

क्रं	ऋण खाता क्रं.	ऋणी(यों)/सह-ऋणी(यों)/ कानूनी वारिस(सों)/ जमानतदा(रों) के नाम	मांग सूचना दिनांक	आरक्षित मूल्य	बकाया राशि
1	TCHHL00970001 00329815 & TCHIN009700010 0331549	श्री कमलेश जाट श्रीमती ज्योति जाट	₹ 18,55,931/- 03-07-2025	₹ 15,00,000/- अग्रिम जमा राशि (ईएमडी): ₹ 1,50,000/- कब्जे का प्रकार : भौतिक	₹ 22,72,149/- 31-08-2026
	अचल संपत्ति का विवरण: अचल संपत्ति का समस्त भाग एवं अंश, डायमंड पार्क का प्लॉट नंबर 25, जो वार्ड नंबर 04, नगर परिषद राजगढ़, तहसील सरदारपुर, जिला धार (म.प्र.) स्थित इसका क्षेत्रफल 1000 वर्ग फीट (यानी 92.936 वर्ग मीटर) **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व : प्लॉट नंबर 08, पश्चिम : कॉमन रोड, उत्तर : प्लॉट नंबर 24, दक्षिण : प्लॉट नंबर 26				
2	TCHHL0284000 100351389 & TCHIN02840001 00352741	श्री राहुल मारोठिया श्रीमती बबीता मारोठिया	₹ 22,28,255/- 09-06-2025	₹ 17,00,000/- अग्रिम जमा राशि (ईएमडी): ₹ 1,70,000/- कब्जे का प्रकार : भौतिक	₹ 27,24,421/- 31-08-2026
	अचल संपत्ति का विवरण: संपत्ति का समस्त भाग एवं अंश, प्रकोष्ठ नंबर 201, निर्मित क्षेत्रफल 713 वर्ग फीट (66.26 वर्ग मीटर) दूसरी मंजिल 'सनराइज़ ट्विन्स' के 'ब्लॉक-बी' प्लॉट नंबर 26 श्री कृष्णा एवेन्यू फेज-3 पर बनी है, जो ग्राम लिंबोडी, तहसील एवं जिला इंदौर (मध्य प्रदेश) **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व: प्लॉट नंबर 27, पश्चिम: यूनिट नंबर 202, उत्तर: यूनिट नंबर 204, दक्षिण: सड़क				
3	TCHHL0284000100387493 & TCHIN0284000100387734	श्री आशीष वर्मा श्रीमती खुशबू वर्मा	₹ 16,24,858/- 03-09-2025	₹ 17,25,000/- अग्रिम जमा राशि (ईएमडी): ₹ 1,72,500/- कब्जे का प्रकार : भौतिक	₹ 19,28,524/- 31-08-2026
	अचल संपत्ति का विवरण: अचल संपत्ति का समस्त भाग एवं अंश, फ्लैट नं. 202, द्वितीय मंजिल, श्रीजी हाईट्स, ब्लॉक-बी, सर्वे नं. 322/3 एवं 322/4, ग्राम बिचौली मर्दाना, तहसील बिचौली हप्सी, जिला इंदौर, म.प्र., क्षेत्रफल 580 वर्गफीट (यानी 53.90 वर्ग मीटर)। **चर्तुसीमाएँ:** पूर्वः बिल्डिंग का खुला स्थान, पश्चिम: रास्ता, उत्तर: फ्लैट नं. 201, दक्षिण: बिल्डिंग का खुला स्थान				

नोट :- बोली लगाने वालों को सलाह दी जाती है कि बोली जमा करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें। नीलामी किसी भी मुकदमे या विवाद के नतीजे पर निर्भर होगी।

नीलामी में, आम जनता को व्यक्तिगत रुप से अपनी बोली प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। हालाँकि, इस बिक्री के संबंध में कोई भी कर्तव्य निभाने वाला कोई भी अधिकारी या अन्य व्यक्ति, बेची गई अचल संपत्ति में कोई भी हित प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से बोली नहीं लगाएगा, प्राप्त नहीं करेगा या प्राप्त करने का प्रयास नहीं करेगा। बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 में निर्धारित शर्तों और निम्नलिखित अतिरिक्त शर्तों के अधीन होगी:

कृपया ध्यान दें: ई-नीलामी पोर्टल http://XpertAuction.com के माध्यम से दिनांक 29-09-2026 को दोपहर 2.00 बजे से 3.00 बजे के बीच प्रत्येक 5 मिनट अवधि के असीमित विस्तार के साथ होगी।

नियम और शर्तें : 1. अनुसूची में दिया विवरण अधोहस्ताक्षरी के पूर्ण ज्ञान व जानकारी में दिया गया है, किंतु इस उदघोषणा अधोहस्ताक्षरी किसी त्रुटी, गलती या चूक के लिए अधोहस्ताक्षरी जवाबदेय नहीं होगा। बोली राशि या निविदाकार संबंधी किसी विवाद की स्थिति में अचल संपत्ति को दुबारा नीलामी के लिए रखा जायेगा। **2**. संपत्ति आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेची जायेगी। **3**. बोली वृद्धि राशि: **रु.10,000/- (दस हजार मात्र) 4**. संपत्ति की खरीद के लिए सभी निविदाएँ **'टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड'** के पक्ष में और उपरोक्त शाखाओं में देय डिमांडड्राफ्ट के साथ जमा की जाएं। असफल निविदाकारों के डिमांड ड्राफ्ट वापस कर दिए जायेंगे। आरटीजीएस/ एनईएफटी/ आईएमपीएस के माध्यम से ईएमडी के भुगतान के लिए प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें। **5**. उच्चतम बोलीकारी को संबंधित लॉट का खरीदार घोषित किया जायेगा, बशर्ते वह विधिक रूप से बोली लगाने के लिए योग्य हो और उसकी बोली राशि आरक्षित मूल्य से कम न हो। 'प्राधिकृत अधिकारी' को अपने विवेक से उच्चतम बोली को अस्वीकार करने का अधिकार होगा जब उसे लगे कि पेशकश मूल्य स्पष्ट रूप से अपर्याप्त है। **6**. उपलब्ध कारणों से 'प्राधिकृत अधिकारी' को अपने विवेक से बिक्री को स्थगित / रोकने का अधिकार होगा। **7**. संपत्ति की निरीक्षण दिनांक **16-09-2026** को **सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे** तक किया जा सकेगा। **8**. खरीददार घोषित व्यक्ति को ऐसी घोषणा के तुरंत बाद क्रय राशि की पच्चीस प्रतिशत राशि जिसमें ईएमडी राशि शामिल होगी प्राधिकृत अधिकारी के पास 24 घंटे के अंदर जमा करनी होगी, यह राशि जमा न किए जाने की स्थिति में संपत्ति नई नीलामी/निजी संधि द्वारा बिक्री के लिए रखी जायेगी। **9**. उपरोक्त अनुसार प्रारंभिक राशि जमा कर दिए जाने पर क्रय राशि की शेष राशि संपत्ति की बिक्री की पुष्टि होने की तारीख से 15 दिनों तक खरीदार द्वारा 'प्राधिकृत अधिकारी को जमा करनी होगी, यदि 15वें दिन कोई रविवार या अन्य अवकाश होता है तो 15वें दिन के बाद प्रथम कार्य दिवस को जमा करनी होगी। **10**. उपरोक्तानुसार भुगतान न होने पर संपत्ति नई नीलामी / निजी संधि द्वारा बिक्री के लिए रखी जायेगी। सभी जमा राशि टाटा कैपीटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पास जब्त हो जायेगी और चूककर्ता खरीदारें संपत्ति पर अपने सभी दावे खो देगा। **11**. टाटा कैपिटल हाउसिंग फाईनेंस लि. को ज्ञात ऋणभारों जिनके लिए संपत्ति देनदार है का विवरण-कोई नहीं, दावे, यदि कोई हों, जो संपत्ति के लिए प्रस्तुत किए गए हों और इसकी प्रकृति और मूल्य से संबंधित कोई अन्य ज्ञात विवरण: उपरोक्त तालिका के अनुसार। उपरोक्त अनुसूची के विवरण अनुसार इच्छुक बोलीदाता को सलाह दी जाती है कि वहां के संपत्ति कर, बिजली आदि के सांविधिक देनदारियों क्षेत्रों सहित संपत्ति पर ऋण भार के बारे में स्वयं जांच करें। **12. अन्य किसी विवरण के लिए अथवा ई-नीलामी पर प्रक्रिया ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता, नवोदयन प्रॉपटेक प्राइवेट लिमिटेड (XpertAuction), 203, दूसरी मंज़िल, श्याम पैलेस, सेक्टर 4 और 5 क्रॉसिंग, रेल्वे रोड, गुरुग्राम, हरियाणा 122001, ईमेल आईडी: eauctions@XpertAuction.com या मनीष बंसल, ईमेल आईडी Manish.Bansal@tatacapital.com प्राधिकृत अधिकारी, मोबाईल नंबर 8588983696 पर संपर्क कर सकते हैं। कृपया अपना प्रश्न व्हाट्सएप नंबर 9999078669 पर भेजें । 13.** उच्चतम घोषित बोली राशि पर उच्चतम बोली दाता द्वारा 1% का टीडीएस लागू और देय होगा। भुगतान उच्चतम बोलीदाता द्वारा मालिक/उधारकर्ता (ओं) के पैन में जमा करना आवश्यक है और चालान की प्रति हमारी कंपनी को प्रस्तुत की जाएगी। **14**. उपरोक्त विवरणों के लिए कृपया प्रदान की गई प्रत्याभूत ऋणदाता की वेबसाइट **www.https://surl.li/ohtxcg** का संदर्भ लें। **15**. कृपया इस लिंक पर भी जाएं : **https://www.tatacapital.com/property-disposal.html**

कृपया ध्यान दें: टीसीएचएफएल ने इस संपत्ति की बिक्री/नीलामी के लिए उल्लिखित नीलामी भागीदार के अलावा किसी दलाल/एजेंट को नहीं लगाया है। इच्छुक पक्षों को इस मामले में सभी प्रश्नों और जांच के लिए केवल अधोहस्ताक्षरी या अधिकृत कार्यालय से संपर्क करना चाहिए।

ह/-
(प्राधिकृत अधिकारी)
टाटा कैपिटल हाउसिंग फाईनेंस लि.

स्थान : इन्दौर
दिनांक : 07-09-2026